भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 389
गुरुवार, 08 दिसंबर, 2022 / 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>एटीसीओ की भर्ती</u>

389. श्री बी. मणिक्कम टैगोर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 455 हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) की भर्ती के लिए मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने वर्ष 2021 में 264 एटीसीओ की भर्ती की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या एटीसीओ की स्वीकृति और भर्ती में देरी से विमान संचालन में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या किसी नए कर्मी को नियंत्रण टॉवर पर कार्य सौंपे जाने हेतु प्रशिक्षित करने में लगभग दो साल लगते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और
(ड.) क्या सरकार ने स्वीकृत कर्मचारी संख्या की तुलना में एटीसीओ की इस कमी का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))</u>

(क): मौजूदा रिक्तियों को भरने हेतु, हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) की भर्ती, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा की जाने वाली एक नियमित प्रक्रिया है। भाविप्रा ने 07.06.2022 को शुरू होने वाली भर्ती प्रक्रिया के लिए, कनिष्ठ कार्यपालक (एटीसीओ) की 400 रिक्तियों के संबंध में विज्ञापन संख्या 02/2022 जारी किया था। इन 400 रिक्तियों के लिए भर्ती का अंतिम परिणाम 28.11.2022 को घोषित किया गया।

(ख): एटीसीओ की 264 रिक्तियों को दिनांक 26.11.2020 के विज्ञापन संख्या 05/2020 द्वारा विज्ञापित किया गया था, जिसके परिणाम दिनांक 23.02.2022 को घोषित किए गए और उनमें से 190 उम्मीदवारों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मौजूदा रिक्तियों के लिए, 23.02.2022 को घोषित परिणाम की प्रतीक्षा सूची में उपलब्ध 70 उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी दिनांक 24.11.2022 को जारी की गई है।

(ग): हवाईअड्डों पर, हवाई दिक्चालन सेवाओं के सुचारू और कुशल संचालन हेतु एटीसीओ की अपेक्षित जनशक्ति को पूरा करने के लिए नियमित भर्ती और प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

(घ): एक नव नियुक्त एटीसीओ को, हवाई यातायात सेवाओं के प्रशिक्षण संगठन में लगभग नौ माह के अनिवार्य प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है और उसके बाद किसी विशिष्ट हवाईअड्डे पर उपलब्ध आवश्यकताओं और सुविधाओं के अधीन, रेटिंग विशिष्ट, प्रशिक्षण करना होता है। जिसकी अवधि 18 माह से लेकर 24 माह हो सकती है।

(ङ): वर्तमान में, भाविप्रा में अनुमोदित कुल 4241 एटीसीओ की तुलना में 3379 एटीसीओ उपलब्ध हैं।